**Regarding need to start pisciculture and aquaculture in chauras (wetlands) in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar-laid**

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**) :** बिहार राज्य अंतर्गत सारण प्रमंडल में मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज है l मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला-सारण एवं सिवान के लगभग तीन हजार हेक्टयर भूभाग वाला एक बहियारा एवं धुरदह चवँर जैसे अनेकों चवँर है जहाँ बारहों मास जल जमाव रहता है l मत्स्य विकास परियोजना के तहत इस चवँर में बड़े-बड़े तालाबों का निर्माण करके इसे मछली पालन का हब बनाया जा सकता है l इस चवँर को मछली पालन के हब के रूप में विकसित करने के लिए पूर्व में मत्स्य पालन की पंचवर्षीय परियोजना की शुरुआत 2018 में की गई थी l लेकिन यह परियोजना मूर्तरूप नहीं ले सकी l इसलिए मेरा आग्रह है कि भारत सरकार के मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री जी मेरे संसदीय क्षेत्रों के चवँरों में मत्स्य पालन के साथ जलीय कृषि योजना आरम्भ करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठायें ताकि हमारे संसदीय क्षेत्र के किसानों एवं मत्स्य पालकों के लिए रोजगार का अधिक से अधिक सृजन हो सके एवं उनका आर्थिक सुदृढ़ीकरण भी हो सके l